**Series JSR/NSQF** | **SET-2**

कोड नं.
Code No. **504/2**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 7 हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 18 प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

# संकलित परीक्षा - II
# SUMMATIVE ASSESSMENT - II
# हिन्दी
# HINDI
## ( पाठ्यक्रम ब )
## (Course B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 90*
*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 90*

***सामान्य निर्देश :***

*(i) इस प्रश्न-पत्र के **चार** खण्ड हैं - क, ख, ग और घ।*

*(ii) सभी खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।*

*(iii) यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए।*

## खण्ड - 'क'

1. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **2x6=12**

कौन नहीं चाहता कि उन्हें ज्यादा से ज्यादा लोग जानें। पर इसकी जो कीमत चुकानी होती है, उसके लिए कम ही लोग तैयार होते हैं। आप चर्चित हैं, तो आपकी सामाजिक जवाबदेही भी अधिक होती है। हर अनुकूल-प्रतिकूल स्थिति के लिए आपको बाकी लोगों से ज्यादा तैयारी करनी पड़ती है। चर्चित होने के बाद खुद के मुताबिक सामान्य जीवन जीना और भी कठिन होता है। चर्चित लोगों से अनौपचारिक बात करें, तो पाएँगे कि ऐसे में वे जो बता रहे हैं, उससे वह अलग है, जो उन्होंने औपचारिक बातचीत के दौरान कही थी। चर्चित व्यक्तियों की बनी छवि प्राय: सच्चाई से अलग होती है। विडंबना यह है कि वे खुद भी उसी छवि को जीने में लग जाते हैं, जो गढ़ी गई है। अल्बर्ट आइंस्टाइन ने, जिन्हें लोग सुपर मानव कहते हैं और जो जीवन-काल में ही इस दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय व्यक्ति थे। एक बार कहा था कि मेरी उपलब्धियों व क्षमताओं के बीच, जो लोगों द्वारा समझी गई हैं और वास्तव में जो मैं हूँ, एक विरोधाभास है। लोकप्रियता के सामाजिक-नैतिक पहलू पर अध्ययन करने वाले मनोविज्ञानी कहते हैं - टिकाऊ लोकप्रियता सही मायने में वही है, जो दिलों पर राज करवाए, न कि चर्चाओं में। चर्चा में होना सरल है, पर इसकी प्रक्रिया है जटिल। इसीलिए लोकप्रिय व्यक्ति प्राय: बदनाम भी जल्द होता है। उसके नकारात्मक पहलू भी जल्द सामने आते हैं। उन पर अहं भी जल्द तारी हो जाता है। ऐसी लोकप्रियता अक्सर यह भ्रम देती है कि आप सामान्य से अलग हैं। यह सोच अपनों व दूसरों से बहुत दूर ले जाती है। इसे संतुलित तरीके से न लिया जाए, तो ज्यादातर चर्चित व्यक्तियों के लिए यह दुखी करने वाली होती है। अंतत: यह बात याद रखें कि प्रसिद्ध लोगों को गुमनामी का सम्मान करना और खुद को नैतिक बनाए रखना आना चाहिए। अन्यथा वक्त की हवा के बीच वे तिनके की तरह उड़ा दिए जाएँगे।

(क) अधिक परिचित लोगों के लिए क्या कठिनाइयाँ होती हैं और क्यों?

(ख) अल्बर्ट आइंस्टाइन का उल्लेख क्यों किया गया है?

(ग) चर्चित होना क्या है? चर्चित होने के बाद सामान्य जीवन जीना कठिन क्यों है?

(घ) सकारात्मक और नकारात्मक का क्या आशय है? दोनों प्रकार की लोकप्रियता में क्या अंतर है?

(ङ) अधिक चर्चित लोगों से गद्यांश में क्या-क्या अपेक्षा की गई है?

(च) टिकाऊ लोकप्रियता से क्या आशय है?

**2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **2x4=8**

प्रिय स्वदेश है प्राण हमारा,
हम स्वदेश के प्राण।
आँखों में प्रतिपल रहता है,
हृदयों में अविचल रहता है,
यह हैं सबल, सबल हैं हम भी,
इसके बल से बल रहता है;
और सबल इसको करना है।
करके नव-निर्माण!
हम स्वदेश के प्राण।
यहीं हमें जीना-मरना है,
हरदम इसका दम भरना है
सम्मुख अगर काल भी आए,
चार हाथ उससे करना है,
इसकी रक्षा धर्म हमारा,
यही हमारा त्राण,
हम स्वदेश के प्राण!

(क) काव्यांश में कवि ने किसके विषय में कहा है और क्यों?

(ख) कवि ने 'हम स्वदेश के प्राण' क्यों कहा है?

(ग) 'चार हाथ' करने का तात्पर्य समझाइए।

(घ) काव्यांश का संदेश लिखिए।

## खण्ड - 'ख'

3. (क) शब्द किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए। 1

(ख) शब्द और पद का भेद बताइए। 1

4. **निर्देशानुसार वाक्य रूपांतरण कीजिए।** 1x3=3

(क) वह फल खरीदने बाजार गया। (मिश्र वाक्य में )

(ख) परिश्रम पर तुम्हारा अधिकार है, फल पर अधिकार नहीं। (संयुक्त वाक्य में)

(ग) मेरी गाय काली है और खेत में चर रही है। (सरल वाक्य में)

5. **( क ) निम्नलिखित में समास करके समास का नाम लिखिए।** 2

रेल के यात्री, चन्द्र के समान मुख।

**( ख ) निम्नलिखित का विग्रह करके समास का नाम लिखिए।** 2

चौराहा, गाना-बजाना।

6. **निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए।** 1x4=4

(क) क्या आप खाना खाए हैं?

(ख) पंचों ने जो निर्णय लिया वह सभी से मान्य था।

(ग) हमें परस्पर एक दूसरे की सहायता करनी चाहिए।

(घ) यहाँ ताजा गाय का दूध मिलता है।

7. **निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में इसप्रकार प्रयोग कीजिए की उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए :** 2

आँखों में धूल झोंकना, काम तमाम कर देना।

## खण्ड - 'ग'

8. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **2+2+1=5**

उसके अफ़साने सुनके राबिनहुड के कारनामे याद आ जाते हैं। अंग्रेजों के खिलाफ उसके दिल में किस कदर नफ़रत है। कोई पाँच महीने हुकूमत की होगी। मगर इस पाँच महीने में जो अवध के दरबार को अँग्रेजी असर से बिलकुल पाक कर देने से तकरीबन कामयाब हो गया था।

(क) गद्यांश में किसके अफ़सानों की बात की गई है और क्यों?

(ख) गद्यांश में आया संवाद कौन कर रहा है, क्यों?

(ग) राबिनहुड के कारनामे कैसे थे?

9. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **2+2+1=5**

(क) 'गिरगिट' पाठ के आधार पर लिखिए कि यह जानने के बाद कि कुत्ता जनरल साहब के भाई का है-ओचुमेलॉव के विचारों में क्या परिवर्तन आया और क्यों?

(ख) शुद्ध आदर्श की तुलना सोने से और व्यावहारिकता की तुलना ताँबे से क्यों की गई है? 'गिन्नी का सोना'-पाठ के आधार पर लिखिए।

(ग) सआदत अली कौन था? उसने वज़ीर अली की पैदाइश को अपनी मौत क्यों समझा?

10. 'गिरगिट' कहानी मूल रूप से किस भाषा में और किसने लिखी? कहानी में पुलिस अधिकारी के चरित्र को किस रूप में उभारा गया है और क्यों? विस्तार से लिखिए। **5**

11. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **2+2+1=5**

(क) 'जप माला छापा-तिलक ......' इस कथन से बिहारी क्या संदेश देना चाहते हैं? अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'कर चले हम फ़िदा' कविता में सैनिक किसको सजाने के लिए कहते हैं और क्यों?

(ग) 'आत्मत्राण' कविता में कवि क्या प्रार्थना करता है?

12. 'मनुष्यता' कविता में 'मनुष्य मात्र बंधु हैं' क्यों कहा गया है? इसे बड़ा विवेक क्यों मानना चाहिए? स्पष्ट कीजिए। **5**

13. 'सपनों के से दिन' पाठ में हेडमास्टर के चारित्रिक गुणों की जीवनमूल्यों की दृष्टि से चर्चा कीजिए और बताइए कि विद्यालय में उनकी क्या उपयोगिता थी? **5**

## खण्ड - 'घ'

14. आपके मोहल्ले के आस-पास डाकघर न होने के कारण हो रही असुविधाओं का उल्लेख करते हुए महाडाकपाल को डाकघर खुलवाने हेतु पत्र लिखिए। **5**

15. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर, लगभग **100** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। **5**

**( क ) खेल-कूद**

- क्यों आवश्यक
- रुचि के अनुसार
- लाभ, हानि

**( ख ) विद्यालय में सांस्कृतिक क्रियाकलाप**

- क्या हैं
- क्यों आवश्यक
- लाभ

**( ग ) वृक्षारोपण**

- तात्पर्य
- प्रदूषण से रक्षा
- अन्य लाभ

**16.** आपके पास वाले पार्क में रोज प्रात: योग प्रशिक्षण की कक्षाएँ नि:शुल्क लगाई जानी हैं। उसके संयोजक के रूप में लगभग 30 शब्दों में एक सूचना लिखिए। **5**

**17.** आपके एक मित्र का पुराना मकान बिकाऊ है। उसका विवरण देते हुए एक विज्ञापन लगभग 25 शब्दों में तैयार कीजिए। **5**

**18.** आजकल टी.वी. पर दिखाए जा रहे अनेक विज्ञापनों से लाभ-हानि के बारे में मित्र से हुए संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए। **5**